Class: IV Subject: Hindi	Model question paper (Session : 2024 – 25)	Max. Marks: 50 Duration: 3Hrs .

<u>सामान्य निर्देश:</u>

- इस प्रश्न पत्र में तीन खंड हैं- खंड 'क' खंड 'ख' और खंड 'ग'
- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |
- उपांत के अंक पूर्णांक के धोतक हैं |
- परीक्षार्थी प्रश्नों के उत्तर यथासंभव अपने शब्दों में दें |

खंड'क' रचना खंड (कुल अंक-15)

1	निम्नलिखित गद्यांश को पढकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए हमें अपने आप को स्वस्थ बनाए रखने के लिए संतुलित आहार लेना चाहिए| सभी सब्जियाँ उचित मात्रा में खाने से हमारा स्वास्थ्य ठीक रहता है| एक बार रमन काका ने अपने बगीचे में अलग- अलग प्रकार की सब्जियां बोई| कुछ सब्जियां मिट्टी के अंदर, कुछ मिट्टी के बाहर, कुछ बेलों पर तो कुछ पौधों पर लगी हुई थीं| एक दिन तपती दोपहर में रमन काका पेड़ की छाया में लेटे हुए थे, तभी उन्हें कुछ आवाजें सुनाई दीं| उन्होंने ध्यान से सुना और कहा अरे! ये तो सब्जियां आपस में बातचीत कर रही हैं |		1×5=5
	क}	अपने आप को स्वस्थ बनाए रखने के लिए हमें क्या लेना चाहिए ? (i) कम भोजन (ii) संतुलित आहार (iii)अधिक भोजन (iv)दूध और घी	
	ख}	रमन काका ने अपने बगीचे में क्या बोया ? (i) सब्जियां (ii) फल (ii) फूल (iv) गेहूं	
	ग}	कौन सी चीज़ उचित मात्रा में खाने से हमारा स्वास्थ्य ठीक रहता है ? (i) पिज़्ज़ा (ii) चिप्स (iii) सब्जियाँ (iv) बर्गर	
	घ}	रमन काका ने किन की आवाजें सुनी ? (i) जानवरों की (ii) पक्षियों की (ii) पेड़ पौधों की (iv) सब्जियों की	
	ड.}	तपती दोपहर में कौन सा मौसम दर्शाया गया है ?	

		(i) वर्षा का (ii) गर्मी का (iii)ठंड का (iv) वसंत का	
2		अवकाश के लिए प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए -	5
3		निम्न में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए -	5
		'मेरा प्यारा भारत' या ' जब मैंने एक सपना देखा'	
		खंड'ख' पाठ्यपुस्तक(कुल अंक-20)	
4		सही वर्ण डालकर शब्द पूरा कीजिए -	1×2=2
	क}	--ठाई	
	ख}	क--ड़ी	
5		उचित शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए	1×3=3
		(अकाल, बनठन,आइसक्रीम)	
	क}	---------कर दोनों दोस्त घूमने निकले |	
	ख}	छोटे बच्चों को तो मैं मुफ्त में --------दिया करूँगा |	
	ग}	एक बार उस देश में-------- पड़ गया |	
6		सही कथन के सामने (√) तथा गलत कथन के सामने(×) गलत का निशान लगाइए-	1×2=2
	क}	नसीरुद्दीन की जमाल साहब से नई नई दोस्ती हुई थी | ( )	
	ख}	बिंदा ने धनी के सवालों का जवाब देने से मना कर दिया | ( )	
7		कविता के आधार पर सही मिलान कीजिए -	1×3=3
	क}	भइया मे (i) गली भरेगा	
	ख}	तुम रस का (ii) जल्दी आओ	
	ग}	लंबी चौड़ी (iii) सागर भर लाओ	
8		निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर लिखिए -	2×5=10
	क}	खवाजा सारा को किस बात पर बहुत अभिमान था ?	
	ख}	बादल जिद्दी बनकर क्या करते हैं ?	
	ग}	बूंदों और लहरों से लड़ते हुए कौन आगे बढ़ रही थी ?	
	घ}	राजा किसी को भी दान क्यों नहीं देना चाहता था ?	
	ड.}	भैया ने क्या बहाना किया और क्यों ?	
	च}	बादल किन- किन प्राणियों की तरह लगते हैं ?	
	छ}	नसीरुद्दीन ने अपने दोस्त को घूमने के लिए कैसे तैयार किया?	
	ज}	गेंद से खेलने वाले पांच खेलों के नाम लिखिए |	

		खंड 'ग' व्याकरण (कुल अंक-15)	
9		दिए गए वाक्यों में प्रयुक्त विशेषण शब्दों पर गोला लगाइए-	1×3=3
	क}	बीमार व्यक्ति को आराम करने दो।	
	ख}	कुछ लड़कियां बातें कर रही हैं|	
	ग}	पिताजी दो लीटर दूध लाए |	
10		कोष्ठक में दिए सही शब्द चुन कर खाली स्थान भरें -	1×3=3
	क}	मेज पर कई ----- रखी हैं | (किताब/ किताबें)	
	ख}	वह----- मेरा मित्र है | (लड़का/ लड़के)	
	ग}	------ खतों में चर रही हैं | (बकरी/ बकरियाँ)	
11		रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य दुबारा लिखिए -	1×2=2
	क}	<u>चूहा</u> दौड़ रहा है।	
	ख}	<u>बालक</u> मिठाई खा रहा है ।	
12		दिए गए वाक्यों में से उद्देश्य और विधेय छांटकर लिखिए-	1×3=3
	क}	बिल्ली दूध पी गई।	
	ख}	आम बहुत मीठा है।	
	ग}	दीदी पुस्तक पढ़ रही है।	
13		बहुविकल्पीय प्रश्न:	1×4=4
	क}	जो करेगा सो भरेगा वाकई में प्रयुक्त सर्वनाम का भेद है? (i) पुरुषवाचक (ii) निजवाचक (ii) संबंध वाचक (iv)निश्चयवाचक	
	ख}	मैं शब्द का बहुवचन है? (i) मैंने (ii) मुझे (ii) हम (iv) हमारा	
	ग}	औरत का पुल्लिंग रूप क्या होगा? (i)आदमी (ii) व्यक्ति (iii)पुरुष (iv) नर	
	घ}	व्यक्ति वाचक संज्ञा पहचानिए?- (i) लोग (ii) जनता (iii)भीड़ (iv) भारत	